# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## जून भाग-1
## 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. गोवा राज्य के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. गोवा की आधिकारिक भाषा कोंकणी, आठवीं अनुसूची की 22 भाषाओं में से एक है।

B. गलगिबाग, गोवा राज्य का सबसे ऊँचा स्थान है।

C. गोवा को पुर्तगालियों से मुक्त कराने के लिये भारतीय नौसेना द्वारा ऑपरेशन विजय शुरू किया गया था।

D. वर्ष 1987 में गोवा को केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव से अलग कर दिया गया था।

2. 'राज्य मुख्य सचिव' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मुख्य सचिव की नियुक्ति राज्य के राज्यपाल द्वारा की जाती है।
2. वह मंत्रिमंडल के सभी मामलों में मुख्यमंत्री का मुख्य सलाहकार होता/होती है।
3. इस पद के लिये एक निश्चित कार्यकाल का प्रावधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

3. नागरिकता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जस सांगुइनिस (Jus Sanguinis) का सिद्धांत जन्म स्थान के आधार पर नागरिकता प्रदान करता है।
2. इस सिद्धांत को भारत ने स्वतंत्रता के बाद अपनाया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

4. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पृथ्वी की उच्च कक्षा में स्थित रहने योग्य कृत्रिम उपग्रह है।
2. यह चार प्रतिभागी अंतरिक्ष एजेंसियों यथा- नासा (संयुक्त राज्य अमेरिका), रॉसकॉसमॉस (रूस), जाक्सा (जापान) और ईएसए (यूरोप) की एक संयुक्त परियोजना है।
3. बेबी स्क्विड (Baby Squid) को वैज्ञानिक अध्ययन के लिये ISS पर भेजने की योजना बनाई जा रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

5. भारतीय तटरक्षक बल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रक्षा मंत्रालय के तहत एक समुद्री कानून प्रवर्तन एजेंसी है।
2. इसका अधिकार क्षेत्र केवल भारत के क्षेत्रीय जल पर है।
3. यह भारत के समुद्री क्षेत्रों में समुद्री पर्यावरण संरक्षण के लिये उत्तरदायी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

6. बागवानी क्लस्टर विकास कार्यक्रम (HCDP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. HCDP बागवानी उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देगा।
3. भारत विश्व स्तर पर बागवानी फसलों का सबसे बड़ा उत्पादक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

7. कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आने वाली प्रमुख योजना है।
2. इस योजना के अंतर्गत कर्मचारी और नियोक्ता दोनों कर्मचारी के मूल वेतन तथा महंगाई भत्ते का 12% EPF में जमा करते हैं।
3. एक व्यक्ति अनिवार्य रूप से EPF का सदस्य बन जाता है यदि उसका मासिक वेतन 15,000 रुपए से अधिक नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

8. कर्मचारी डिपॉज़िट-लिंक्ड बीमा (EDLI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह निजी क्षेत्र के वेतनभोगी कर्मचारियों को प्रदान किया जाने वाला एक बीमा कवर है।
2. इस योजना के लिये कोई भी कर्मचारी जिसके पास कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) खाता है, स्वत: ही पात्र हो जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

9. 'ऐम्बिटैग' (AmbiTag) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) पर आधारित डिवाइस है।
2. यह कोल्ड चेन प्रबंधन के लिये तापमान डेटा लॉगर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और 2 न ही

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नैनो यूरिया लिक्विड की प्रभावशीलता परंपरागत/सामान्य यूरिया से अधिक है।
2. नैनो यूरिया लिक्विड भारत में स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP), 2020 हथियारों के आयात पर प्रतिबंध की अनुमति देती है।
2. DAP, 2020 रक्षा निर्माण में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) पर केंद्रित है।
3. सृजन पोर्टल रक्षा उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये शुरू की गई एक पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व दुग्ध दिवस की शुरुआत विश्व खाद्य कार्यक्रम द्वारा की गई थी।
2. गोपाल रत्न पुरस्कार स्वदेशी नस्लों के सर्वश्रेष्ठ झुंड को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया राष्ट्रीय पुरस्कार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'बाल स्वराज' पोर्टल राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विकसित किया गया है।
2. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सांविधिक निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए भारत में ऑपरेशन फ्लड शुरू किया गया था।
2. ब्राज़ील के बाद भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

15. 'एक देश, एक मानक' मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत देश में गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को सुनिश्चित करने के लिये की गई है।
2. इस मिशन को संयुक्त रूप से नीति आयोग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के संचालन के लिये गृह मंत्रालय को नोडल मंत्रालय के रूप में नामित करता है।
2. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) का नेतृत्व गृह मंत्री करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रजनन क्षमता का प्रतिस्थापन स्तर मृत्यु-लेखांकन के बाद उन बच्चों की संख्या है जो माता-पिता के प्रतिस्थापन के लिये आवश्यक है।
2. दिल्ली, सिक्किम और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में, कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन स्तर से नीचे है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शुक्र और यूरेनस सौर मंडल के एकमात्र ग्रह हैं जो अपनी धुरी पर वामावर्त घूमते हैं।
2. शुक्र का घूर्णन काल सौरमंडल के किसी भी ग्रह की तुलना में सबसे लंबा है।
3. वेनेरा और वेगास नासा के शुक्र ग्रह हेतु रोबोटिक मिशन हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) यूरेशियन क्षेत्र का एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है।
2. क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना (RATS) की कार्यकारी समिति ताशकंद में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

20. $H_{10}N_3$ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इंफ्लूएंज़ा ए वायरस का एक उप-प्रकार है जिसे आमतौर पर बर्ड फ्लू वायरस के रूप मंत जाना जाता है।
2. यह जानवरों में श्वसन कणों से हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

21. ब्लू-फिन महाशीर (Blue-finned Mahseer) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल पुणे के पूर्व में मोटा मोला नदी में पाई जाती है।
2. IUCN के रेड लिस्ट में इसे गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
3. निवास स्थान में परिवर्तन और अत्यधिक कटाई से इन प्रजातियों को खतरा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसलें
2. संगरोध प्रणाली
3. जर्म वारफेयर

उपरोक्त में से कौन-सी विधि कीट नियंत्रण विधियों के रूप में प्रयोग की जा सकती है?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (ITER) फ्राँस में स्थित है।
2. चीन का प्रायोगिक उन्नत सुपरकंडक्टिंग टोकामक (EAST) ITER का एक हिस्सा है।
3. भारत ITER परियोजना का सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. केवल 3

नोट :

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत, संयुक्त राष्ट्र विकास औद्योगिक संगठन (UNIDO) का सदस्य देश है।
   2. लीमा घोषणा में UNIDO को सदस्य देशों में समावेशी और सतत् औद्योगिक विकास (ISID) को बढ़ावा देने और उसमें तेज़ी लाने का आदेश दिया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

25. मेगा फूड पार्क योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसे कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
   2. यह योजना "क्लस्टर" दृष्टिकोण पर आधारित है।
   3. यह कृषि उत्पादन को बाज़ार से जोड़ने के लिये एक तंत्र की परिकल्पना करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं ?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिये SAGE पहल शुरू की गई है।
   2. रजत अर्थव्यवस्था में वे सभी आर्थिक गतिविधियाँ, उत्पाद और सेवाएँ शामिल हैं जिन्हें वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने के लिये तैयार किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) वर्ष 1974 में स्थापित एक संयुक्त राष्ट्र निकाय है।
   2. भारत वर्ष 2017 में IEA का सहयोगी सदस्य बना।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत सरकार ने बाँस के सामान के विपणन के लिये 'द ग्रीन गोल्ड कलेक्शन' नाम का एक पोर्टल प्रारंभ किया है।
   2. चीन और वियतनाम के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाँस की खेती करने वाला देश है।
   3. बाँस क्षेत्र की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के समग्र विकास के लिये वर्ष 2018-19 में एक पुनर्गठित राष्ट्रीय बाँस मिशन शुरू किया गया था।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. केवल 3

29. 'वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री इसका पदेन अध्यक्ष होता है।
2. स्किमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग वर्ल्ड रिपोर्ट 2021 के अनुसार, 100 वैश्विक सरकारी संस्थानों में यह एकमात्र भारतीय संगठन है।
3. इसकी स्थापना वर्ष 2005 में की गई थी तथा यह दिल्ली में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

30. विश्व पर्यावरण दिवस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरूआत संयुक्त राष्ट्र सभा द्वारा वर्ष 1972 में स्टॉकहोम सम्मेलन में की गई थी।
2. इस दिवस की वर्ष 2021 की थीम 'पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली' है।
3. इथेनॉल के उत्पादन और वितरण के लिये संयुक्त राष्ट्र द्वारा ई-100 परियोजना शुरू की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

31. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| कन्वेंशन | उद्देश्य |
|---|---|
| 1. बेसल कन्वेंशन | देशों के मध्य खतरनाक कचरे के आदान-प्रदान को रोकना और इसके निराकरण के प्रयास करना |
| 2. रॉटरडैम कन्वेंशन | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में कुछ खतरनाक रसायनों और कीटनाशकों हेतु पूर्व सूचित सहमति (PIC) प्रक्रिया का कार्यान्वयन |
| 3. स्टॉकहोम कन्वेंशन | मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को स्थायी जैविक प्रदूषकों (POPs) से बचाने के लिये संधि |

उपरोक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

32. राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक आतंकवाद रोधी इकाई है जो संसद के एक अधिनियम द्वारा अस्तित्व में आई।
2. ऑपरेशन निस्तार के बाद इसकी स्थापना का विचार आया।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. भारतीय नौसेना की 30 वर्षीय पनडुब्बी योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना में वर्ष 2030 तक 24 पारंपरिक पनडुब्बियों का स्वदेशी निर्माण शामिल है।
2. प्रोजेक्ट 75 (I) और प्रोजेक्ट 75 इस योजना का हिस्सा हैं।
3. INS अरिहंत और INS अरिघाट इस योजना के तहत कमीशन की गई परमाणु संचालित पनडुब्बी हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

34. निष्पादन ग्रेडिंग सूचकांक (PGI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सूचकांक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इष्टतम शिक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए बहु-आयामी हस्तक्षेप करने के लिए प्रेरित करने की परिकल्पना की गई है।
2. यह स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (DoSEL) द्वारा शुरू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।

1. इस नदी का उद्गम पश्चिमी घाट के वरूशनाडु पहाड़ी से होता है।
2. यह नदी तमिलनाडु के पांड्या नाडु क्षेत्र से होकर गुज़रती है।
3. यह नदी पंबन ब्रिज के पास पाक जलडमरूमध्य में जाकर गिरती है।

4. इस नदी का संगम साहित्य में उल्लेख मिलता है।

उपर्युक्त कथनों में निम्नलिखित में से किस नदी की चर्चा की गई है ?

A. वैगई नदी

B. कावेरी नदी

C. भवानी नदी

D. वेल्लर नदी

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. G7 देशों में दक्षिणी गोलार्द्ध से कोई सदस्य राष्ट्र शामिल नहीं है।
2. G7 समूह के सभी सदस्य G20 के सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

37. CEO वाटर मैंडेट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दीर्घकालिक सतत् विकास लक्ष्यों के हिस्से के रूप में जल एवं स्वच्छता के एजेंडे को बेहतर बनाने के लिये कंपनियों की प्रतिबद्धता व प्रयासों को प्रदर्शित करने हेतु संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है।
2. भारत इस पहल का हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38 'सी स्नॉट' (Sea Snot) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समुद्री श्लेष्मा है जो एक गाढ़ा और चिपचिपा पदार्थ है।
2. यह तब बनता है जब शैवाल पोषक तत्त्वों से भरे होते हैं।
3. यह मछली आबादी और कोरल के लिये हानिकारक नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाता है।
2. कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) संयुक्त खाद्य मानक कार्यक्रम के ढाँचे के भीतर स्थापित एक अंतर-सरकारी निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. आई-फैमिलिया (I-Familia) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे इंटरपोल द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. यह परिवार के डीएनए के माध्यम से लापता व्यक्तियों की पहचान करने के लिये एक वैश्विक डेटाबेस है।
3. बोनापार्ट एक डीएनए मैचिंग सॉफ्टवेयर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
A. 1, 2 और 3

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय न्यायपालिका में 'आईसीटी के कार्यान्वयन के लिये राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना' कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत की गई थी।
2. ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वित्त पोषित है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

42. हाल ही में समाचारों में रहा 'ऑपरेशन पैंजिया (Pangea) XIV' किससे संबंधित है?

A. भारत और ब्रिटेन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास।

B. चक्रवात के दौरान अरब सागर में फंसे भारतीयों के लिये बचाव अभियान चलाया गया।

C. उत्तर-पूर्वी भारत में उग्रवाद को रोकने के उपाय।

D. नकली दवाओं और उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री को बाधित करने का प्रयास।

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आकांक्षी ज़िलों में कोविड-19 के उन रोगियों को घरेलू देखभाल सहायता प्रदान करने के लिये 'सुरक्षित हम सुरक्षित तुम' अभियान शुरू किया गया था।
2. आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम केंद्रीय स्तर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सरल जीवन बीमा उन लोगों को बुनियादी सुरक्षा प्रदान करता है जो स्व-नियोजित हैं या निम्न आय वर्ग से संबंधित हैं।
2. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी जीवन बीमा कंपनियों को सरल जीवन बीमा योजना शुरू करने के लिये अनिवार्य कर दिया है।
3. सरल जीवन बीमा में आत्महत्या के अलावा कोई अपवाद नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1 और 2

45. युवा योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य इच्छुक लेखकों को विश्व स्तर पर भारत की संस्कृति और साहित्य को व्यक्त करने के लिये प्रशिक्षित करना है।
2. शिक्षा मंत्रालय योजना की कार्यान्वयन एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46. 'सेना विमानन कोर ' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. कोर, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर 'ध्रुव', चेतक, चीतल जैसे हेलीकॉप्टरों का संचालन करती है।
2. यह कम ऊँचाई वाले क्षेत्रों में ही सेना की तैनाती में सहायक है।
3. महिला अधिकारियों ने सदैव सेना विमानन कोर के फ्रंट-लाइन फ्लाइंग ड्यूटी में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

47. 'विश्व बैंक' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की स्थापना की गई, जिसे बाद में विश्व बैंक के रूप में जाना गया।
2. विश्व बैंक की स्थापना 'विश्व आर्थिक मंच' के साथ ही की गई थी।
3. अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) विश्व बैंक की एक संस्था है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA) इसकी संस्था नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

48. CAFE विनियमों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के तहत केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय (MoP) द्वारा अधिसूचित किया गया था।
2. विनियमन ईंधन खपत मानकों के अनुसार है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक वाहनों की ईंधन दक्षता को 35% तक बढ़ाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. निम्नलिखित में से कौन-से देश 'एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस' (ASEAN) के सदस्य हैं?

1. ब्रुनेई
2. कंबोडिया
3. लाओस
4. वियतनाम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 4
C. केवल 3
A. 1, 2, 3 और 4

नोट :

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (ICIMOD) हिंदूकुश हिमालयन (HKH) क्षेत्र के लोगों के लिये काम कर रहा है।
2. ICIMOD भारत के देहरादून में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. 'इथेनॉल सम्मिश्रण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा है।
2. एथेनॉल के अधिक उपयोग से तेल आयात बिल को कम करने में मदद मिल सकती है।
3. इसके परिणामस्वरूप कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) और हाइड्रोकार्बन (HC) के उत्सर्जन में वृद्धि होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

52. ग्लोबल लिवेबिलिटी रैंकिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा प्रकाशित एक वार्षिक मूल्यांकन है।
2. 2021 में, ऑकलैंड इस रैंकिंग में शीर्ष पर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

53. उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (AISHE) 2019-20 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. AISHE को प्रतिवर्ष नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है।
2. पिछले पाँच वर्षों के दौरान उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन में समग्र रूप से वृद्धि हुई है।
3. पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिये वर्ष 2019-20 में उच्च शिक्षा में लैंगिक समानता सूचकांक (GPI) में सुधार हुआ है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

54. घड़ियाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. घड़ियाल का प्राथमिक आवास घाघरा नदी है
2. घड़ियाल को IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की छठी अनुसूची आदिवासियों को स्वायत्त ज़िला परिषदों (ADC) के माध्यम से विधायी और कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करने की स्वतंत्रता प्रदान करती है।
2. प्रत्येक एडीसी को 45 से अधिक सदस्यों की अनुमति नहीं है, जो सभी सीधे निर्वाचित होते हैं।
3. राज्य के राज्यपाल के अनुमोदन के आधार पर राज्य के कानून छठी अनुसूचित के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में लागू हो सकते हैं/नहीं भी हो सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

56. 'कृषि लागत एवं मूल्य आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) निर्धारण संबंधी अंतिम निर्णय CACP द्वारा लिया जाता है।
2. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. राम प्रसाद बिस्मिल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिये हिंसा और रक्तपात के विचार में विश्वास करते थे।
2. उन्होंने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA) की स्थापना की थी।
3. वर्ष 1918 के 'मैनपुरी षडयंत्र' मामले के बाद उन्हें मृत्यु दंड दिया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

58. 'कृषि मशीनीकरण योजना पर उप-मिशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है।
2. इस योजना के तहत विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरण और मशीनरी की खरीद के लिये पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को 100% सब्सिडी प्रदान की जाती है।
3. 'सीएचसी - फार्म मशीनरी' किसानों के कल्याण के लिये इस योजना के तहत विकसित एक मोबाइल एप का नाम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

59. हाल ही में चर्चा में रहा संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) का 'संकल्प 75/260' किससे संबंधित है?

A. HIV/AIDS पर प्रतिबद्धता की घोषणा का कार्यान्वयन।

A. आतंकवादी कृत्यों के कारण अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिये खतरा।

B. फिलीस्तीनी शरणार्थियों के लिये वापसी का अधिकार।

C. नरसंहार के अपराध की रोकथाम और सज़ा।

60. एनविज़न मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. मिशन का नेतृत्व नासा के योगदान से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) द्वारा किया जा रहा है।
2. यह शुक्र ग्रह के वायुमंडल का अध्ययन करेगा और उसकी सतही संरचना का विश्लेषण करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

61. 'राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता पोर्टल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) तथा नीति आयोग की एक संयुक्त पहल है।
2. यह भारत और उसके बाहर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से संबंधित गतिविधियों के लिये एक केंद्रीय हब के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

62. रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य आत्मनिर्भरता प्राप्त करना और रक्षा तथा एयरोस्पेस क्षेत्र में नवाचार एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना है।
2. इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा वित्त पोषित और प्रबंधित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत वर्ष 2020 से ग्रुप ऑफ सेवन (G7) का सदस्य है।
2. साइबर हमलों को रोकने के लिये G7 देशों द्वारा 'कार्बिज़ बे' घोषणा पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

64. 'रेयर अर्थ तत्त्वों' के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें 'दुर्लभ' तत्त्व माना जाता है, क्योंकि इन्हें इनके ऑक्साइड स्वरूप से निकालना काफी मुश्किल है।
2. चीन को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका ने 'रेयर अर्थ तत्त्वों' के क्षेत्र में वैश्विक प्रभुत्व हासिल कर लिया है।
3. 'रेयर अर्थ तत्त्व' धातु और अधातु तत्त्वों का एक समूह है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

65. ओलिव रिडले कछुओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये कछुए विश्व में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं में सबसे दुर्लभ हैं।
2. वे अपने अद्वितीय सामूहिक घोंसले के लिये जाने जाते हैं जिन्हें अरीबदा कहा जाता है।
3. उन्हें IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2, और 3

## व्याख्या भाग-1

1. उत्तर: B

व्याख्या:

- गोवा, भारत के दक्षिण-पश्चिमी तट पर कोंकण के रूप में जाने जाने वाले क्षेत्र में स्थित है और भौगोलिक रूप से दक्कन उच्च भूमि से पश्चिमी घाट द्वारा अलग होता है।
  - इसकी अधिकारिक भाषा कोंकणी है जो आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में से एक है।
- जैसे ही भारत ने 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता प्राप्त की उसने पुर्तगालियों से अपने क्षेत्र को वापस लौटाने का अनुरोध किया परंतु पुर्तगालियों ने ऐसा करने से मना कर दिया। राजनयिक प्रयासों की विफलता के बाद भारतीय नौसेना, वायु सेना और थल सेना द्वारा गोवा में 'ऑपरेशन विजय' चलाकर 19 दिसंबर,1961 को इसे पुर्तगालियों से मुक्त करा लिया गया।
  - 30 मई, 1987 में इस क्षेत्र को विभाजित किया गया और गोवा को पूर्ण राज्य तथा दमन और दीव को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया।
- भौगोलिक विशेषताएँ:
  - गोवा का उच्चतम बिंदु सोंसोगोर (Sonsogor) है (न कि गलगिबाग)। अत: विकल्प B सही उत्तर है।
  - गोवा के उत्तर में तेरेखोल नदी बहती है जो गोवा को महाराष्ट्र से अलग करती है, राज्य की अन्य प्रमुख नदियों में मांडवी, जुआरी, चपोरा, रखोल, गलगिबाग, कुम्बरजुआ नहर, तलपोना और साल आदि शामिल हैं।
  - गोवा का अधिकांश मृदा आवरण लेटराइट से निर्मित है।

2.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राज्य के मुख्य सचिव की नियुक्ति मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- चूँकि मुख्य सचिव की नियुक्ति मुख्यमंत्री की कार्यकारी आदेश से होती है, इसलिये इसे राज्य के राज्यपाल द्वारा नामित किया जाता है।
- मुख्य सचिव (Chief Secretary) भारतीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सिविल सेवाओं का वरिष्ठतम पद है।
    - यह पद भारतीय प्रशासनिक सेवा की संवर्ग या कॉडर (Cadre ) पद है।
- मुख्य सचिव राज्य प्रशासन (मंत्रिमंडल) से जुड़े सभी मामलों में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 2 सही है।
- मुख्य सचिव के पद को कार्यकाल प्रणाली के संचालन से बाहर रखा गया है।
    - इस पद के लिये कोई निश्चित कार्यकाल निर्धारित नहीं है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

3.

उत्तर: D

व्याख्या:

- नागरिकता (Citizenship) व्यक्ति और राज्य के बीच संबंध को दर्शाती है।
    - भारत में भी अन्य आधुनिक राज्यों की तरह दो तरह के लोग अर्थात् नागरिक और विदेशी रहते हैं।
- नागरिक भारत के पूर्ण सदस्य हैं और इसके प्रति निष्ठावान हैं। इन्हें सभी नागरिक तथा राजनीतिक अधिकार प्राप्त हैं।
- नागरिकता निषेध का एक विचार है क्योंकि इसमें गैर-नागरिकों को शामिल नहीं किया जाता है।
- नागरिकता प्रदान करने के दो प्रसिद्ध सिद्धांत हैं:
    - जहाँ 'जस सोलि' (Jus Soli) जन्म स्थान के आधार पर नागरिकता प्रदान करता है, वहीं 'जस सांगुइनिस (Jus Sanguinis) रक्त संबंधों को मान्यता देता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - मोतीलाल नेहरू समिति, 1928 के समय से ही भारतीय नेतृत्व जस सोलि की प्रबुद्ध अवधारणा के पक्ष में था।
    - जस सांगुइनिस के नस्लीय विचार को भी संविधान सभा (Constituent Assembly) ने खारिज कर दिया था क्योंकि यह भारतीय लोकाचार के खिलाफ था। अत: कथन 2 सही नहीं है।

4.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (International Space Station) एक रहने योग्य कृत्रिम उपग्रह है, जिसे 'लो-अर्थ ऑर्बिट' में मानव निर्मित सबसे बड़ा ढाँचा माना जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - इसका पहला हिस्सा वर्ष 1998 में 'लो-अर्थ ऑर्बिट' में लॉन्च किया गया था।
- यह लगभग 92 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है और प्रतिदिन पृथ्वी की 15.5 परिक्रमाएँ पूरी करता है।
- 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन' कार्यक्रम पाँच प्रतिभागी अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच एक संयुक्त परियोजना है: नासा (अमेरिका), रॉसकॉसमॉस (रूस), जाक्सा (जापान), ESA (यूरोप) और CSA (कनाडा)। हालाँकि इसके स्वामित्व और उपयोग को अंतर-सरकारी संधियों और समझौतों के माध्यम से शासित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस स्टेशन में नासा (NASA) विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के संचालन के लिये बेबी स्क्विड्स और टार्डिग्रेड्स (Baby Squids and Tardigrades- जिसे वाटर बियर भी कहा जाता है) को भेजने की योजना बना रहा है। अत: कथन 3 सही है।

5.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय तटरक्षक बल, रक्षा मंत्रालय के तहत एक सशस्त्र बल, खोज और बचाव तथा समुद्री कानून प्रवर्तन एजेंसी है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें सतह और वायु संचालन दोनों के लिये कार्य करने के क्षमता है। यह विश्व के सबसे बड़े तट रक्षकों में से एक है।
- इसकी स्थापना 18 अगस्त, 1978 को तटरक्षक अधिनियम, 1978 द्वारा की गई थी। यह गैर-सैन्य कार्य करता है।
- ICG के गठन की अवधारणा वर्ष 1971 के युद्ध के बाद अस्तित्व में आई तथा रुस्तमजी समिति द्वारा एक बहु-आयामी तटरक्षक के लिये दूरदर्शी खाका तैयार किया गया था।
- ICG का नेतृत्व महानिदेशक भारतीय तटरक्षक (DGICG) करते हैं जो नई दिल्ली में स्थित तटरक्षक मुख्यालय (CGHQ) से अपनी समग्र कमान और अधीक्षण का प्रयोग करते हैं।
- सन्निहित क्षेत्र और अनन्य आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone-EEZ) सहित भारत के क्षेत्रीय जल पर इसका अधिकार क्षेत्र है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - EEZ बेसलाइन से 200 नॉटिकल मील की दूरी तक फैला होता है। इसमें तटीय देशों को सभी प्राकृतिक संसाधनों की खोज, दोहन, संरक्षण और प्रबंधन का संप्रभु अधिकार प्राप्त होता है।
- यह भारत के समुद्री क्षेत्रों में समुद्री पर्यावरण संरक्षण के लिये उत्तरदायी है। अत: कथन 3 सही है।
- भारतीय जल क्षेत्र में तेल रिसाव की प्रतिक्रिया के लिये एक समन्वय प्राधिकारी के रूप में कार्य करता है।
- भारत के समुद्री हितों की रक्षा करता है और इसके समुद्री कानून को लागू करता है।

6.

उत्तर: B

व्याख्या :

- बागवानी क्लस्टर विकास कार्यक्रम (HCDP) एक केंद्रीय क्षेत्रक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य पहचान किये गए बागवानी क्लस्टर को विकसित करना है ताकि उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी बनाया जा सके। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - बागवानी क्लस्टर लक्षित बागवानी फसलों का क्षेत्रीय/भौगोलिक संकेंद्रण है।
- बागवानी उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बागवानी क्लस्टर विकास कार्यक्रम (CDP) शुरू किया है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत बागवानी फसलों का विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, जो दुनिया के फलों और सब्जियों के उत्पादन का लगभग 12% है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - भारत केला, आम, अनार, चीकू (Sapota), नींबू, आँवला जैसे फलों का सबसे बड़ा उत्पादक है।

7.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कर्मचारी भविष्य निधि (Employees' Provident Funds- EPF) योजना कर्मचारी भविष्य निधि और विविध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत आने वाली प्रमुख योजना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह कारखानों और अन्य प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को संस्थागत भविष्य निधि प्रदान करती है।
- कर्मचारी के मूल वेतन और महँगाई भत्ते का 12% कर्मचारी और नियोक्ता दोनों ही EPF मंल जमा करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2016-17 में सुझाव दिया गया था कि कर्मचारियों को अपने वेतन का 12% EPFO में जमा करने या इसे वेतन के रूप में प्राप्त करने का विकल्प को चुनने अनुमति दी जाए।

नोट :

- यह योजना उन कर्मचारियों के लिये अनिवार्य है जिनका मूल वेतन प्रतिमाह 15,000 रुपए तक है। अत: कथन 3 सही है।

8.

उत्तर: D

व्याख्या:

- कर्मचारी डिपॉज़िट-लिंक्ड बीमा (Employees' Deposit-Linked Insurance- EDLI) निजी क्षेत्र के वेतनभोगी कर्मचारियों के लिये EPFO द्वारा प्रदान किया जाने वाला एक बीमा कवर है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसे वर्ष 1976 में लॉन्च किया गया था।
- कोई भी कर्मचारी जिसके पास EPF खाता है, वह स्वत: ही EDLI योजना के लिये पात्र हो जाता है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के तहत पंजीकृत सभी संगठनों पर लागू होता है।
- ईडीएलआई योजना का प्रबंधन नियोक्ता द्वारा भुगतान किये गए मासिक वेतन के 0.5% के आधार पर किया जाता है और इसमें कर्मचारी का योगदान नहीं होता है। कर्मचारी द्वारा पंजीकृत नामांकित व्यक्ति योजना के तहत लाभ का दावा करने के लिये पात्र है।

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) रोपड़, पंजाब ने अपनी तरह का पहला इंटरनेट ऑफ थिंग्स (Internet of Thing) उपकरण ऐम्बिटैग (AmbiTag) विकसित किया है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह डिवाइस खराब होने वाले उत्पादों, टीकों और यहाँ तक कि शरीर के अंगों व रक्त के संचार के दौरान उनके आसपास का रियल टाइम तापमान दर्ज करता है।
- इस डिवाइस को प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र अवध (AWADH- कृषि एवं जल तकनीकी विकास केंद्र) और उसके स्टार्टअप स्क्रैचनेस्ट (ScratchNest) के अंतर्गत विकसित किया गया है।
- यह यूनिवर्सल सीरियल बस (Universal Serial Bus- USB) डिवाइस के आकार का है।
- यह कोल्ड चेन प्रबंधन के लिये भारत का पहला स्वदेशी तापमान डेटा लॉगर है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह एक बार चार्ज होकर पूरे 90 दिनों तक किसी भी टाइम ज़ोन में और -40 से +80 डिग्री सेंटीग्रेट तक के वातावरण में निरंतर तापमान दर्ज करता रहता है।
  - वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में उपलब्ध इस तरह की डिवाइस सिर्फ 30-60 दिनों तक की अवधि के लिये तापमान दर्ज करती है।
  - जब तापमान पूर्व निर्धारित सीमा से ऊपर जाता है तो यह एक अलर्ट जारी करता है।
  - दर्ज किये गए डेटा को किसी कंप्यूटर को USB से जोड़कर हासिल किया जा सकता है।

10.

उत्तर: C

व्याख्या :

- हाल ही में दुनिया भर के किसानों के लिये भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (IFFCO) ने विश्व का पहला नैनो यूरिया लिक्विड/तरल उर्वरक तैयार किया।
- नैनो यूरिया लिक्विड यूरिया के परंपरागत विकल्प के रूप में पौधों को नाइट्रोजन प्रदान करने वाला एक पोषक तत्त्व (तरल) है।
  - नैनो यूरिया को पारंपरिक यूरिया के स्थान पर विकसित किया गया है और यह पारंपरिक यूरिया की आवश्यकता को न्यूनतम 50 प्रतिशत तक कम कर सकता है।
  - इसके 500 मिली.की एक बोतल में 40,000 मिलीग्राम/लीटर नाइट्रोजन होता है, जो सामान्य यूरिया के एक बैग/बोरी के बराबर नाइट्रोजन पोषक तत्त्व प्रदान करेगा।

नोट :

- परंपरागत यूरिया पौधों को नाइट्रोजन पहुँचाने में 30-40% प्रभावी है, जबकि नैनो यूरिया लिक्विड की प्रभावशीलता 80% से अधिक है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसकी प्रभावशीलता का परीक्षण चावल और गेहूँ जैसी 94 फसलों के लिये 11,000 से अधिक किसानों के खेतों में किया गया है।
  - इसके उपयोग से उपज में औसतन 8% की वृद्धि पाई गई है।
- इसे स्वदेशी रूप से नैनो बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर ( कलोल, गुजरात) में आत्मनिर्भर भारत अभियान और आत्मनिर्भर कृषि के अनुरूप विकसित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

11

उत्तर: D

व्याख्या:

- रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (Defence Acquisition Procedure- DAP), 2020 उन हथियारों या प्लेटफार्मों की सूची की अधिसूचना को सक्षम बनाता है जिन्हें आयात के लिये प्रतिबंधित किया जाएगा। अत: कथन 1 सही है।
  - यह रक्षा निर्माण और विनिर्माण कीमतों के स्वदेशीकरण (Indigenization of the Manufacturing Price) में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) पर केंद्रित है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह कई नए विचारों को भी प्रस्तुत करती है जैसे कि प्लेटफॉर्मों और प्रणालियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को शामिल करने की आवश्यकता, रक्षा उपकरणों में स्वदेशी सॉफ्टवेयर का उपयोग तथा स्टार्ट-अप एवं एमएसएमई द्वारा रक्षा अधिग्रहण की एक नई श्रेणी के रूप में 'नवाचार'।
- रक्षा उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये अन्य पहलें:
  - डिफेंस इंडिया स्टार्टअप चैलेंज: इसका उद्देश्य राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में प्रोटोटाइप बनाने और/या उत्पादों/समाधानों का व्यवसायीकरण करने के लिये स्टार्ट-अप/एमएसएमई/इनोवेटर्स का समर्थन करना है।
  - सृजन पोर्टल: यह वन स्टॉप शॉप ऑनलाइन पोर्टल है जो विक्रेताओं को स्वदेशी वस्तुओं तक पहुँच प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही है।

12.

उत्तर: A

व्याख्या:

- विश्व दुग्ध दिवस वर्ष 2001 में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा स्थापित किया गया था। इस दिन का उद्देश्य डेयरी क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों पर ध्यान आकर्षित करने का अवसर प्रदान करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - FAO संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसियों में से एक है जो भुखमरी को समाप्त करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्त्व करता है।
- विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने गोपाल रत्न पुरस्कार शुरू करने और उमंग प्लेटफॉर्म के साथ ई-गोपाला एप के एकीकरण की घोषणा की।
  - गोपाल रत्न पुरस्कार मवेशी और डेयरी क्षेत्र के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार हैं, पुरस्कार स्वदेशी नस्ल के सर्वश्रेष्ठ झुंड को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम प्रबंधन प्रथाओं का अभ्यास करने के लिये शुरू किया गया है जिसकी तीन श्रेणियाँ हैं:
    - सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान।
    - सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (AIT)।
    - सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी/दुग्ध उत्पादक कंपनी/किसान उत्पादक संगठन। अत: कथन 2 सही है।

13.

उत्तर: C

व्याख्या

- 'राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग' (NCPCR) ने देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान करने के लिये एक ऑनलाइन ट्रैकिंग पोर्टल 'बाल स्वराज' (कोविड-केयर) पोर्टल तैयार किया है। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- यह उन बच्चों की ऑनलाइन ट्रैकिंग और डिजिटल रियल टाइम मॉनीटरिंग के उद्देश्य से बनाया गया है, जिन्हें देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है।
- NCPCR, बाल अधिकार संरक्षण आयोग (CPCR) अधिनियम, 2005 के तहत मार्च 2007 में स्थापित एक सांविधिक निकाय है।
- यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है। अत: कथन 2 सही है।
- आयोग का प्राथमिक कार्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी देशों में बन रहे सभी कानून, नीतियाँ, कार्यक्रम और प्रशासनिक तंत्र, बाल अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में भारतीय संविधान एवं बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के अनुरूप हों।
- यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत एक बच्चे के मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार से संबंधित शिकायतों की जाँच करता है।
- यह यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 के कार्यान्वयन की निगरानी करता है।

14.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत में ऑपरेशन फ्लड (श्वेत क्रांति) डॉ. वर्गीज़ कुरियन (Dr Verghese Kurein) के दिमाग की उपज थी। उनके अधीन गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) जैसे कई महत्त्वपूर्ण संस्थान स्थापित किये गए थे।
  - श्वेत क्रांति NDDB द्वारा 1970 के दशक में शुरू की गई थी और ऑपरेशन फ्लड की आधारशिला ग्राम दुग्ध उत्पादकों की सहकारी समितियाँ हैं।
- उद्देश्य:
  - दूध उत्पादन में वृद्धि। अत: कथन 1 सही है।
  - ग्रामीण क्षेत्र की आय में वृद्धि।
  - उपभोक्ताओं को उचित दाम पर दूध उपलब्ध कराना।
- महत्त्व:
  - इसने डेयरी किसानों को अपने स्वयं के हाथों बनाए गए संसाधनों पर नियंत्रण रखने के लिये अपने स्वयं के विकास को निर्देशित करने में मदद की।
  - इसने वर्ष 2016-17 में भारत को विश्व में सबसे बड़ा दूध का उत्पादक बनने में मदद की है।
  - वर्तमान में भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है, जिसका वैश्विक उत्पादन 22% है इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, पाकिस्तान और ब्राज़ील का स्थान है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

15.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'एक राष्ट्र एक मानक' मिशन के विचार की कल्पना पहली बार वर्ष 2019 में की गई थी, इसकी परिकल्पना देश में गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को सुनिश्चित करने के लिये 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' योजना की तर्ज पर की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- हाल ही में भारतीय रेलवे का 'अनुसंधान डिज़ाइन और मानक संगठन' (RDSO) भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के 'एक राष्ट्र एक मानक' मिशन के तहत 'मानक विकास संगठन' (SDO) घोषित होने वाला पहला संस्थान बन गया है।
  - भारत सरकार के 'एक राष्ट्र एक मानक' विज़न के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने एक योजना शुरू की है, जिसके तहत 'मानक विकास संगठन' (SDO) की मान्यता प्रदान की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - यह मान्यता 3 वर्ष के लिये वैध है और वैधता अवधि पूरी होने के बाद नवीनीकरण की आवश्यकता होगी।

नोट :

16.

उत्तर: A

व्याख्या:

- आपदाओं के कुशल प्रबंधन और इससे जुड़े अन्य मामलों के लिये वर्ष 2005 में भारत सरकार द्वारा DM अधिनियम पारित किया गया था।
    - यह अधिनियम समग्र राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के संचालन के लिये गृह मंत्रालय को नोडल मंत्रालय के रूप में नामित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन औपचारिक रूप से 27 सितंबर, 2006 को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत हुआ था, इसके अनुसार प्रधान मंत्री इसके अध्यक्ष (गृह मंत्री की अध्यक्षता में नहीं) होते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

17.

उत्तर: C

व्याख्या :

- प्रतिस्थापन स्तर माता-पिता को बदलने के लिये आवश्यक बच्चों की संख्या है, मृत्यु दर, विषम लिंगानुपात, शिशु मृत्यु दर आदि के लेखांकन के बाद की दर है। जनसंख्या इस स्तर से नीचे गिरने लगती है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत ने परिवार नियोजन उपायों को व्यवस्थित ढंग से पूर्ण किया है और अब यह 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर की प्रजनन क्षमता पर है, जो वांछनीय है।
- हालाँकि यह जनसंख्या स्थिरीकरण को बनाए रखने की आवश्यकता है क्योंकि सिक्किम, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, केरल और कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों में कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन स्तर से काफी नीचे है, जिसका अर्थ है कि भारत 30-40 वर्षों में यह अनुभव कर सकता है जो चीन अभी अनुभव कर रहा है। अत: कथन 2 सही है।

18.

उत्तर: B

व्याख्या:

    - हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रहों के विपरीत शुक्र और यूरेनस अपनी धुरी पर दक्षिणावर्त घूमते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- शुक्र ग्रह पर एक दिन पृथ्वी के एक वर्ष से ज्यादा लंबा होता है। सूर्य की एक परिक्रमा पूरी करने की तुलना में शुक्र को अपनी धुरी पर घूर्णन में अधिक समय लगता है।
    - अर्थात 243 पृथ्वी के दिन एक घूर्णन के लिये - सौर मंडल में किसी भी ग्रह का सबसे लंबा घूर्णन। अत: कथन 2 सही है।
    - सूर्य की एक कक्षा को पूरा करने के लिये केवल 224.7 पृथ्वी दिन।
- हाल ही में 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (NASA) ने शुक्र ग्रह के लिये दो नए रोबोटिक मिशन की घोषणा की।
    - इन दो संयुक्त मिशनों का उद्देश्य यह समझना है कि कैसे शुक्र सतह पर सीसा को पिघलाने में सक्षम 'इन्फर्नो' जैसी दुनिया का निर्माण हुआ।
- दाविंसी प्लस:
    - यह दो मिशनों में से पहला होगा, यह इस ग्रह के घने बादल वाले शुक्र गृह के वातावरण का विश्लेषण करेगा कि क्या 'इन्फर्नो' में कभी महासागर था और क्या यह संभवत: रहने योग्य था। गैसों को मापने के लिये एक छोटा सा यान वायुमंडल में उतरेगा।
- वेरिटस
    - यह चट्टानी ग्रह की सतह का मानचित्रण करके भूगर्भिक इतिहास की खोज करने वाला दूसरा मिशन होगा।
    - वेनेरा और वेगास रूस के पूर्ववर्ती शुक्र ग्रह आधारित मिशन थे। अत: कथन 3 सही नहीं है।

नोट :

19.

उत्तर: C

व्याख्या :

- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
- यह एक यूरेशियन राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संगठन है, जिसका उद्देश्य संबंधित क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व स्थिरता बनाए रखना है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका गठन वर्ष 2001 में किया गया था ।
  - SCO चार्टर पर वर्ष 2002 में हस्ताक्षर किए गए थे और यह वर्ष 2003 में लागू हआ।
- रूसी और चीनी SCO की आधिकारिक भाषाएँ हैं।
- वर्तमान में विश्व के 8 देश (कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान) SCO के सदस्य हैं।
- SCO के दो स्थायी निकाय हैं:
  - SCO सचिवालय, यह चीन की राजधानी बीजिंग में स्थित है।
  - क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना (Regional Anti-Terrorist Structure- RATS), इसकी कार्यकारी समिति का कार्यालय ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।
- SCO की अध्यक्षता, सदस्य राज्यों द्वारा एक वर्ष के लिये चक्रीय (Rotation ) प्रक्रिया द्वारा की जाती है।
- ताजिकिस्तान गणराज्य ने 2021-22 के लिये SCO की अध्यक्षता ग्रहण की है।

20.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में चीन ने जिआंगसु प्रांत में बर्ड फ्लू के H10N3 स्ट्रेन के साथ मानव संक्रमण का पहला मामला दर्ज किया है।
- H10N3 इंफ्लूएंज़ा ए वायरस का एक उप-प्रकार है जिसे आमतौर पर बर्ड फ्लू वायरस के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - H10N3 मुर्गियों में वायरस का एक कम रोगजनक या अपेक्षाकृत कम गंभीर कारक है और इसके बड़े पैमाने पर फैलने का जोखिम बहुत कम है।
  - जानवरों में इस फ्लू का संक्रमण कोविड-19 के समान श्वसन कणों से हो सकता है। अत: कथन 2 सही है।

21.

उत्तर : B

व्याख्या :

- ब्लू-फिन महाशीर (Blue-finned Mahseer) मुख्य रूप से पुणे के पूर्व में मोटा मोला (Mota Mola) नदी में पाई जाती है। यह प्रजाति दक्कन के पठार में बहने वाली अन्य नदियों में भी पाई जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह एक प्रवासी प्रजाति है; वर्षा के दौरान नदियों की सतह की ओर बढ़ जाती है। यह स्वच्छ, तीव्र प्रवाह वाले और सुव्यवस्थित ऑक्सीजन युक्त जल क्षेत्रों में पाई जाती है।
- हाल ही में ब्लू-फिन महाशीर (Blue-finned Mahseer) को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) की रेड लिस्ट में इसे लुप्तप्राय स्थिति से कम चिंताजनक स्थिति का दर्जा प्रदान किया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस प्रजाति को निवास स्थानों में परिवर्तन, अत्यधिक कटाई/हार्वेस्टिंग तथा अन्य मछलियों की प्रजातियों से प्रतिस्पर्द्धा का खतरा है। अत: कथन 3 सही है।

- महत्त्व :
  - यह घुलित ऑक्सीजन के स्तर, जल के तापमान और अस्थिर जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। इनका जीवन या आवास प्रदूषित क्षेत्रों के लिये अनुकूल नहीं है।
  - इनका सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व भी है तथा साथ ही वे पूरे भारत में 'मंदिर अभयारण्यों' या मंदिरों में स्थापित कुंड/तालाब में संरक्षित हैं।

22.

उत्तर: D

व्याख्या:

- कीट को नियंत्रित करने के सबसे लोकप्रिय तरीकों में आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसलों और कीटनाशकों का उपयोग शामिल है।
- प्राकृतिक दृष्टिकोण, जिसमें 'ततैया' जैसे कीटों को आवश्यक होने पर खेतों में छोड़ा जाना शामिल है, साथ ही साथ एक 'जर्म वारफेयर' विकसित करना जो उन बीमारियों को अलग करता है जिनसे कैटरपिलर (आर्मीवार्म) प्रवण होता है, की वैज्ञानिकों द्वारा खोज की जा रही है।
- एक संगरोध प्रणाली, जिसके तहत ऐसे कीड़ों की मेजबानी करने वाले अनाज और पौधों के आयात का शिपिंग बंदरगाहों, हवाई अड्डों और भूमि सीमा पर निरीक्षण किया जाता है।
  - भारत में संगरोध प्रणाली वर्ष 2003 के 'प्लांट क्वारंटाइन' (भारत में आयात का विनियमन) आदेश द्वारा शासित है, जिसे वर्ष 1914 के विनाशकारी कीट और कीट अधिनियम के तहत अधिसूचित किया गया है। अत: विकल्प D सही है।

23.

उत्तर: C

व्याख्या:

- इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (International Thermonuclear Experimental Reactor-ITER) को वर्ष 1985 में 35 देशों की सहभागिता में शुरू किया गया था। यह फ्राँस में स्थित है। अत: कथन 1 सही है
  - इसका उद्देश्य विश्व के सबसे बड़े टोकामक यंत्र का निर्माण करना है ताकि बड़े पैमाने पर कार्बन-मुक्त ऊर्जा के स्रोत के रूप में संलयन की व्यवहार्यता को सिद्ध किया जा सके।
  - टोकामक एक प्रायोगिक मशीन है जिसे संलयन की ऊर्जा का उपयोग करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। एक टोकामक के अंदर परमाणु संलयन के माध्यम से उत्पादित ऊर्जा को पात्र की दीवारों में ऊष्मा के रूप में अवशोषित किया जाता है।
  - एक पारंपरिक ऊर्जा संयंत्र की तरह एक संलयन ऊर्जा संयंत्र में इस ऊर्जा का उपयोग वाष्प उत्पादन तथा उसके बाद टरबाइन और जनरेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन में किया जा सकता है।
- चीन का 'प्रायोगिक उन्नत सुपरकंडक्टिंग टोकामक' (Experimental Advanced Superconducting Tokamak-EAST) आईटीईआर का हिस्सा है, जो वर्ष 2035 में चालू होने के बाद विश्व का सबसे बड़ा परमाणु संलयन रिएक्टर बन जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
- आईटीईआर के सदस्यों में चीन, यूरोपीय संघ, भारत, जापान, कोरिया, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

24.

उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र विकास औद्योगिक संगठन (UNIDO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो गरीबी में कमी लाने, समावेशी वैश्वीकरण और पर्यावरणीय स्थिरता के लिये औद्योगिक विकास को बढ़ावा देती है।

- 1 अप्रैल 2019 तक 170 देश UNIDO के सदस्य हैं।
- भारत भी इसका एक सदस्य देश है। अत: कथन 1 सही है।

- सदस्य नियमित रूप से नीति बनाने वाले संगठनों के सत्रों में UNIDO के मार्गदर्शक सिद्धांतों और नीतियों पर चर्चा करते हैं और निर्णय लेते हैं।
- UNIDO का मिशन, जैसा कि वर्ष 2013 में UNIDO जनरल कॉन्फ्रेंस (UNIDO General Conference) के पंद्रहवें सत्र में अपनाई गई लीमा घोषणा (Lima Declaration) में वर्णित है, सदस्य राज्यों में समावेशी और सतत् औद्योगिक विकास (ISID) को बढ़ावा देना एवं तेज़ करना है। अत: कथन 2 सही है।
- UNIDO के जनादेश को SDG-9 में पूरी तरह से मान्यता प्राप्त है, जो "लचीले बुनियादी ढाँचे के निर्माण, समावेशी और टिकाऊ औद्योगीकरण एवं नवाचार को बढ़ावा देने" का आह्वान करता है।
- इसका मुख्यालय ऑस्ट्रिया के वियना में है।

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मेगा फूड पार्क योजना (Mega Food Park Scheme) वर्ष 2008-09 में शुरू किया गया था ताकि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा सके और आपूर्ति श्रृंखला के प्रत्येक चरण में खाद्य अपव्यय को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा सके।
    - खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय देश में मेगा फूड पार्क योजना लागू कर रहा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह योजना "क्लस्टर" दृष्टिकोण पर आधारित है जो एक अच्छी तरह से स्थापित आपूर्ति श्रृंखला के साथ औद्योगिक भूखंडों में आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिये एक अच्छी तरह से परिभाषित कृषि/बागवानी क्षेत्र में अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे के निर्माण की परिकल्पना करती है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका उद्देश्य किसानों, प्रसंस्करणकर्त्ता और खुदरा विक्रेताओं को एक साथ लाकर कृषि उत्पादन को बाज़ार से जोड़ने के लिये एक तंत्र प्रदान करना है ताकि मूल्यवर्द्धन को अधिक, अपव्यय को कम तथा किसानों की आय को ज़्यादा करके रोज़गार के नए अवसर (विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में) सुनिश्चित किये जा सकें। अत: कथन 3 सही है।

26.

उत्तर : C

व्याख्या :

- हाल ही में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने वरिष्ठ व्यक्तियों को समर्थन प्रदान करने के लिये 'सीनियर केयर एजिंग ग्रोथ इंजन' (SAGE) पहल तथा पोर्टल का शुभारंभ किया है। अत: कथन 1 सही है।
    - रजत (Silver) अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये 100 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है।
    - सेज पोर्टल (SAGE Portal) विश्वसनीय स्टार्टअप्स के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों की देखरेख में उपयोगी उत्पादों तथा सेवाओं को प्रदान करने वाला 'वन-स्टॉप एक्सेस' होगा।
    - यह ऐसे व्यक्तियों की मदद करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है जो वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिये सेवाएँ मुहैया कराने संबंधी क्षेत्र में रुचि रखने वाले उद्यमियों को सहयोग प्रदान करते हो।
- रजत अर्थव्यवस्था (Silver Economy) वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, वितरण और खपत की प्रणाली है जिसका उद्देश्य वृद्ध और वरिष्ठ लोगों की क्रय क्षमता का उपयोग करना और उनके उपभोग, जीवन और स्वास्थ्य की ज़रूरतों को पूरा करना है। अत: कथन 2 सही है।
    - रजत अर्थव्यवस्था का विश्लेषण सामाजिक जेरोन्टोलॉजी (Gerontology, आयु का अध्ययन) के क्षेत्र में एक मौजूदा आर्थिक प्रणाली के रूप में नहीं किया जाता है बल्कि आयु वृद्धि की नीति के एक साधन के रूप में तथा उनकी आबादी हेतु एक संभावित जरूरत-उन्मुख आर्थिक प्रणाली बनाने के राजनीतिक विचार के रूप में किया जाता है।

27.

उत्तर: B

व्याख्या:

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के विषय में:

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency- IEA) वर्ष 1974 में पेरिस, फ्राँस में स्थापित एक स्वायत्त अंतर-सरकारी संगठन है। अत: कथन 1 सही नहीं है
  - यह मुख्य रूप से ऊर्जा नीतियों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण आदि शामिल हैं। इन नीतियों को 3 ई (3 E) के रूप में भी जाना जाता है।
- भारत मार्च 2017 में आईईए का सहयोगी सदस्य बना था, हालाँकि भारत इससे पूर्व से ही संगठन के साथ कार्य कर रहा था। अत: कथन 2 सही है
- हाल ही में भारत ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता के क्षेत्र में सहयोग को मज़बूत करने के लिये IEA के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है।

28.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में भारत सरकार ने बाँस के सामानों के विपणन के लिये GeM (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल पर एक विंडो 'द ग्रीन गोल्ड कलेक्शन' शरू करने के लिये कार्य प्रारंभ किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - "द ग्रीन गोल्ड कलेक्शन" [https://gem.gov.in/national-bamboo-mission] के माध्यम से जीईएम पर उत्कृष्ट दस्तकारी वाले बाँस और बाँस से बने उत्पादों, हस्तशिल्प, डिस्पोजल और कार्यालय में उपयोग होने वाले उत्पादों का प्रदर्शन किया जाता है।
  - इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बाँस के कारीगरों, बुनकरों और उद्यमियों को सरकारी खरीदारों तक बाज़ार पहुँच प्रदान करना है।
- स्टेट ऑफ एनवायरनमेंट रिपोर्ट 2018 के अनुसार, भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाँस की खेती करने वाला देश है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति द्वारा 14वें वित्त आयोग (2018-19 तथा 2019-20) की शेष अवधि के दौरान सतत् कृषि के लिये राष्ट्रीय मिशन (National Mission for Sustainable Agriculture - NMSA) के अंतर्गत केंद्र प्रायोजित पुर्नगठित राष्ट्रीय बाँस मिशन (National Bamboo Mission - NBM) को स्वीकृति दी गई थी। यह 'हब एंड स्पोक' मॉडल पर आधारित है। अत: कथन 3 सही है।

29.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 'वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद' (CSIR) भारत का सबसे बड़ा अनुसंधान एवं विकास (R&D) संगठन है। 37 राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, 39 दूरस्थ केंद्रों, 3 नवोन्मेषी परिसरों और 5 इकाइयों के एक सक्रिय नेटवर्क के साथ इसकी उपस्थिति पूरे भारत में है।
- प्रधानमंत्री इसका अध्यक्ष (पदेन) होता है तथा केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री इसका उपाध्यक्ष (पदेन) होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- स्किमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग वर्ल्ड रिपोर्ट 2021 (Scimago Institutions Ranking World Report 2021) के अनुसार, यह विश्व भर के 1587 सरकारी संस्थानों में 37वें स्थान पर है और शीर्ष 100 वैश्विक सरकारी संस्थानों में एकमात्र भारतीय संगठन है। अत: कथन 2 सही है।
  - एशिया में CSIR 7वें स्थान पर है।

- इसकी स्थापना वर्ष 1942 में की गई थी तथा यह दिल्ली में स्थित है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

30.

उत्तर: C

व्याख्या:

- जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिये प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस (World Environment Day) मनाया जाता है।
  - संयुक्त राष्ट्र सभा ने वर्ष 1972 में विश्व पर्यावरण दिवस की शुरूआत की, जो मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन का पहला दिन था। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 2021 की थीम: 'पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली'।
  - यह पारिस्थितिक तंत्र बहाली (वर्ष 2021-30) पर संयुक्त राष्ट्र दशक की शुरुआत करेगा, साथ ही यह जंगलों से लेकर खेत तक, पहाड़ों की चोटी से लेकर समुद्र की गहराई तक अरबों हेक्टेयर क्षेत्र को पुनर्जीवित करने हेतु एक वैश्विक मिशन। अत: कथन 2 सही है।
- पाकिस्तान वर्ष 2021 के लिये वैश्विक मेज़बान होगा।
- भारत द्वारा की गई पहलें:
  - पूरे देश में इथेनॉल के उत्पादन और वितरण के लिये पुणे में E-100 पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।
  - सरकार E-20 अधिसूचना जारी कर रही है जो तेल कंपनियों को 1 अप्रैल, 2023 से 20% इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल और इथेनॉल मिश्रण E12 तथा E15 को BIS विनिर्देशों के आधार पर बेचने की अनुमति देगी। अत: कथन 3 सही नहीं है।

31.

उत्तर: D

व्याख्या:

- बेसल कन्वेंशन: यह वर्ष 1992 में लागू हुआ, जिसका उद्देश्य विकसित से निम्न विकसित देशों (LDCs) में खतरनाक कचरे की सीमापार आवाजाही को कम करना और उत्पादन के स्रोत के लिये यथासंभव सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करना था। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- रॉटरडैम कन्वेंशन: इसमें कीटनाशकों और औद्योगिक रसायनों को शामिल किया गया है जिन्हें सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य या पर्यावरणीय कारणों से प्रतिबंधित या गंभीर रूप से प्रतिबंधित किया गया है और जिन्हें सदस्यों द्वारा पूर्व सूचित सहमति (PIC) प्रक्रिया में शामिल करने के लिये अधिसूचित किया गया है।
- यह कन्वेंशन पूर्व सूचित सहमति (PIC) प्रक्रिया के कार्यान्वयन के लिये कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाता है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- स्टॉकहोम कन्वेंशन: यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को स्थायी जैविक प्रदूषकों (POPs) से बचाने के लिये एक वैश्विक संधि है। भारत इसका एक सदस्य है। यह कन्वेंशन मई, 2004 में लागू हुआ। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।

32.

उत्तर: A

व्याख्या:

- राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड एक आतंकवाद-रोधी इकाई है जो औपचारिक रूप से वर्ष 1986 में संसद के एक अधिनियम 'राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड अधिनियम, 1986' द्वारा अस्तित्व में आई।
  - इसका मुख्यालय मानेसर, गुरुग्राम में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- आंतरिक अशांति के खिलाफ राज्यों की रक्षा के लिये आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करने को ऑपरेशन ब्लू स्टार, अक्षरधाम मंदिर हमले और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद इस तरह के बल को बनाने का विचार आया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - मानवीय और आपदा राहत ऑपरेशन को ऑपरेशन 'निस्तार' नाम दिया गया था, जिसके द्वारा चक्रवाती तूफान मेकेनु (Mekenu) के कारण यमन के सोकोत्रा द्वीप में फँसे 38 भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक निकाला गया।

नोट :

33.

उत्तर : D

व्याख्या :

- जून 1999 में कैबिनेट कमेटी ऑफ सिक्योरिटी (CCS) ने 30 वर्षीय पनडुब्बी निर्माण योजना को मंज़ूरी दी थी जिसमें वर्ष 2030 तक 24 पारंपरिक पनडुब्बियों का निर्माण करना शामिल था। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 2007 में स्वीकृत प्रोजेक्ट 75 इंडिया, स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण के लिये भारतीय नौसेना की 30 वर्षीय योजना का हिस्सा है।
    - P75 इंडिया, P75 को सफल बनाता है, जिसके तहत स्कॉर्पीन वर्ग (Scorpene class) पर आधारित कलवरी वर्ग (Kalvari class) की छह डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बियों का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड (MDL) में किया जा रहा था। इस वर्ष मार्च 2021 में तीसरी पनडुब्बी, INS करंज (Karanj), को कमीशन किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- भारत में बनने वाली कुल 24 पनडुब्बियों में से छह परमाणु ऊर्जा से संचालित होंगी।
    - वर्तमान में भारत के पास केवल एक परमाणु पनडुब्बी INS अरिहंत (Arihant) है। INS अरिघात (Arighat) एक परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी भी है, जिसे जल्द ही कमीशनिंग किया जाना है।
    - INS चक्र (Chakra) रूस से लीज पर ली गई एक परमाणु पनडुब्बी है। इसके बारे में यह माना जाता है कि यह अपने मूल देश में वापस जा रही है। अत: कथन 3 सही है।

34.

उत्तर : C

व्याख्या :

निष्पादन ग्रेडिंग सूचकांक (PGI)

- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिये PGI पहली बार वर्ष 2019 में 2017-18 के संदर्भ में प्रकाशित किया गया था।
- PGI : राज्य/संघ राज्य क्षेत्र 2019-20 के लिये इस श्रृंखला का तीसरा प्रकाशन है।
- यह स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (DoSEL) द्वारा शुरू किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- PGI अभ्यास में परिकल्पना की गई है कि सूचकांक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बहु-आयामी हस्तक्षेप करने के लिये प्रेरित करेगा जो कि बहुत वांछित इष्टतम शिक्षा परिणाम लाएगा। अत: कथन 1 सही है।
    - PGI राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को अंतराल को इंगित करने में मदद करता है जो हस्तक्षेप के लिये क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है ताकि स्कूली शिक्षा प्रणाली के प्रत्येक स्तर को मज़बूत करना सुनिश्चित किया जा सके।
- PGI को दो श्रेणियों में गठित किया गया है अर्थात् परिणाम, शासन एवं प्रबंधन तथा 1000 के कुल भार के साथ कुल 70 संकेतक शामिल हैं।
- श्रेणियों के तहत डोमेन (Domains) में शामिल हैं : एक्सेस, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएँ, इक्विटी, गवर्नेंस प्रक्रिया।

35.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वैगई नदी (Vaigai River) का उद्गम पश्चिमी घाट (Western Ghat- वरुशनाद हिल्स) से होता है।
    - यह तमिलनाडु के पंड्या नाडु (Pandya Nadu) क्षेत्र से होकर गुज़रती है।
    - इसकी मुख्य सहायक नदियाँ सुरुलियारु, मुलैयारु, वरगनाधी, मंज़लारू, कोट्टागुडी, कृधुमाल और उप्पारू हैं।
- वैगई 258 किलोमीटर लंबी है और अंत में रामनाथपुरम ज़िले में पंबन पुल के पास पाक जलडमरूमध्य (Palk Strait) में जाकर समा जाती है।
- हेरिटेज रिवर: वैगई दक्षिणी तमिलनाडु में स्थित प्राचीन और समृद्ध पांड्य साम्राज्य की प्रसिद्ध राजधानी (4 - 11वीं सदी) मदुरै से होकर बहती थी।
    - इस नदी का उल्लेख संगम साहित्य में भी मिलता है।
- अत: विकल्प (A) सही है।

नोट :

36.

उत्तर: D

व्याख्या

- यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था।
  - वैश्विक आर्थिक शासन, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे सामान्य हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये प्रतिवर्ष G7 ब्लॉक की बैठक आयोजित की जाती है।
- G7 देशों में ब्रिटेन, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं।
  - सभी G7 देश और भारत G20 का हिस्सा हैं। अत: कथन 2 सही है।
- G7 का कोई औपचारिक संविधान या कोई निश्चित मुख्यालय नहीं है। वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों द्वारा लिये गए निर्णय गैर-बाध्यकारी होते हैं।
- अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या दक्षिणी गोलार्द्ध से कोई भी देश G7 का सदस्य नहीं हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत और ब्राज़ील जैसी तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्थाएँ भी G7 का हिस्सा नहीं हैं।

37.

उत्तर: B

व्याख्या:

- CEO वाटर मैंडेट संयुक्त राष्ट्र महासचिव (UN Secretary-General) और संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट (UN Global Compact) की एक विशेष पहल है, जिसे पैसिफिक इंस्टिट्यूट के साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया जाता है। इसकी स्थापना वर्ष 2007 में की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- यह पहल जल, स्वच्छता और सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals- SDGs) पर बिज़नेस लीडर्स को एकजुट करती है तथा जल एवं स्वच्छता के एजेंडे को बेहतर बनाने के लिये कंपनियों की प्रतिबद्धता व प्रयासों को प्रदर्शित करती है।
- हाल ही में NTPC लिमिटेड, प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पेक्ट (United Nations' Global Compact) के CEO वाटर मैंडेट (CEO Water Mandate) का हस्ताक्षरकर्त्ता बन गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - NTPC लिमिटेड विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत भारत की सबसे बड़ी विद्युत कंपनी है।

38

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'सी स्नॉट' (Sea Snot) समुद्री श्लेष्म (Marine Mucilage) है जो शैवालों में पोषक तत्त्वों की अति-प्रचुरता हो जाने पर निर्मित होती है। अत: कथन 1 सही है।
- शैवालों में पोषक तत्त्वों की अति-प्रचुरता ग्लोबल वार्मिंग, जल प्रदूषण आदि के कारण गर्म मौसम होने पर होती है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह एक चिपचिपा, भूरा और झागदार पदार्थ जैसा दिखता है।
- समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिये खतरा:
  - इससे बड़े पैमाने पर जलीय जीवों जैसे- मछली, कोरल, स्पंज आदि की मृत्यु हो जाती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

39.

उत्तर: C

व्याख्या:

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) संयुक्त रूप से सदस्य राज्यों और अन्य संबंधित संगठनों के सहयोग से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाते हैं। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- ◆ यह पहली बार वर्ष 2019 में "द फ्यूचर ऑफ फूड सेफ्टी" के तहत में अदीस अबाबा सम्मेलन और जिनेवा फोरम द्वारा 2019 में की गई खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को मज़बूत करने के लिये मनाया गया था।
- ◆ कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) खाद्य और कृषि संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक संयुक्त अंतर-सरकारी निकाय है।
- ◆ वर्तमान में इसके 189 सदस्य हैं और भारत इसका सदस्य है। अत: कथन 2 सही है।
- CAC का सचिवालय रोम में FAO मुख्यालय में स्थित है।
  - ◆ यह उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा करने और खाद्य व्यापार में उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिये स्थापित किया गया था।
  - ◆ कोडेक्स एलिमेंटेरियस अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानकों का एक संग्रह है जिसे CAC द्वारा अपनाया गया है।

40.

उत्तर : D

व्याख्या :

- हाल ही में इंटरपोल ने आई-फैमिलिया (I-Familia) नामक एक नया वैश्विक डेटाबेस लॉन्च किया है। अत: कथन 1 सही है।
- I-Familia अंतर्राष्ट्रीय डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड) नातेदारी संबंधों के आधार पर लापता व्यक्तियों की पहचान करने के लिये इस प्रकार का पहला वैश्विक डेटाबेस है। अत: कथन 2 सही है।
  - ◆ डेटाबेस लापता व्यक्तियों या अज्ञात मानव अवशेषों को परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूनों का उपयोग करके पहचान करता है , जबकि इसकी प्रत्यक्ष तुलना संभव नहीं है।
- परिवार के सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खोज के लिये अपने डेटा का उपयोग करने हेतु सहमति देनी होगी।
- यह प्रयत्क्ष डीएनए मैचिंग में इंटरपोल की लंबे समय से किये जा रहे सफलतम प्रयास का परिणाम है।
- I-Familia के तीन घटक हैं :
  - ◆ रिश्तेदारों द्वारा प्रदान किये गए डीएनए प्रोफाइल की पहचान करने के लिये एक समर्पित वैश्विक डेटाबेस है, जिसे किसी भी आपराधिक डेटा से अलग रखा गया है।
  - ◆ डीएनए मैचिंग सॉफ्टवेयर को बोनापार्ट (Bonaparte) कहा जाता है। अत: कथन 3 सही है।
  - ◆ संभावित मैचिंग की रिपोर्ट और कुशलतापूर्वक पहचान करने के लिये इंटरपोल द्वारा व्याख्या दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं।
- मैचिंग की स्थिति के दौरान उन देशों को सूचनाएँ भेजी जाती हैं, जिन्होंने क्रमश: अज्ञात शरीर और परिवार से डीएनए प्रोफाइल को उपलब्ध कराया है।

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ई-कोर्ट परियोजना की अवधारणा "भारतीय न्यायपालिका में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के कार्यान्वयन के लिये राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना - 2005" के आधार पर ई-समिति, भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रस्तुत की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट एक अखिल भारतीय परियोजना है, जिसकी निगरानी और वित्त पोषण देश भर के ज़िला न्यायालयों के लिये कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

42.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) द्वारा ऑपरेशन पैंजिया XIV (Operation Pangea XIV) के माध्यम से नकली दवाओं और उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री को लक्ष्य बनाया।
  - ◆ इस ऑपरेशन में वेबसाइटों और ऑनलाइन मार्केटप्लेस सहित 1.10 लाख से अधिक वेब लिंक को बंद या हटा दिया गया।

नोट :

- ऑपरेशन पैंजिया इंटरपोल का एक सुस्थापित अंतर्राष्ट्रीय प्रयास है जो नकली और अवैध स्वास्थ्य उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री को बाधित करने के साथ-साथ अनियमित वेबसाइटों से दवाएँ खरीदने से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम भी करता है।
- वर्ष 2008 में प्रथम ऑपरेशन पैंजिया संचालित किया गया था।
- इंटरपोल द्वारा समन्वित इस ऑपरेशन (14वें) में 92 देशों के पुलिस, सीमा शुल्क और स्वास्थ्य नियामक प्राधिकरणों ने भाग लिया था।
- इस ऑपरेशन में भारतीय एजेंसियों ने भी भाग लिया।
- अत: विकल्प D सही है।

43.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में नीति आयोग और पीरामल फाउंडेशन ने 112 आकांक्षी ज़िलों में 'सुरक्षित हम सुरक्षित तुम अभियान शुरू किया।
  - यह अभियान कोविड-19 के उन रोगियों को घरेलू देखभाल सहायता प्रदान करने में प्रशासन की सहायता के लिये शुरू किया गया था, जो लक्षणहीन (Asymptomatic) हैं या जिनमें हल्के लक्षण हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - इनमें से अधिकांश ज़िले झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र में हैं।
- यह अभियान एक विशेष पहल आकांक्षी जिला सहयोगी (Aspirational Districts Collaborative) का हिस्सा है जिसमें स्थानीय नेता, नागरिक समाज और स्वयंसेवक जिला प्रशासन के साथ मिलकर आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम (Aspirational Districts Programme- ADP) के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में उभरती समस्याओं का समाधान करते हैं।
- इसे जनवरी 2018 में 'आकांक्षी ज़िलों का परिवर्तन' कार्यक्रम (Transformation of Aspirational Districts' Programme- TADP) के रूप में लॉन्च किया गया था।
  - आकांक्षी ज़िले भारत के वे ज़िले हैं जो खराब सामाजिक-आर्थिक संकेतकों से प्रभावित हैं।
  - इन ज़िलों में सुधार से भारत के मानव विकास में समग्र सुधार हो सकता है।
- भारत सरकार के स्तर पर यह कार्यक्रम नीति आयोग द्वारा संचालित है। इसके अलावा अलग-अलग मंत्रालयों ने ज़िलों की प्रगति की जिम्मेदारी संभाली है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

44.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 2020 में भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (Insurance Regulatory and Development Authority of India- IRDAI) द्वारा लॉन्च किया गया सरल जीवन बीमा (Saral Jeevan Bima) जनता के बीच एक लोकप्रिय टर्म लाइफ इंश्योरेंस (Term Life Insurance) उत्पाद बन गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - आईआरडीएआई एक स्वायत्त निकाय है जिसे वर्ष 1999 में बीमा उद्योग को विनियमित और विकसित करने के लिये स्थापित किया गया था।
- सरल जीवन बीमा नियामक द्वारा आदेशित मानक टर्म लाइफ इंश्योरेंस प्लान है जो स्वरोज़गार वाले या निम्न आय वर्ग के लोगों को बुनियादी सुरक्षा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह एक शुद्ध टर्म लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद है जिसे 18 से 65 वर्ष के आयु वर्ग के लोग खरीद सकते हैं और इसकी पॉलिसी अवधि 5 से 40 वर्ष होगी।
- यह पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में नामांकित व्यक्ति को एकमुश्त राशि के भुगतान का प्रावधान करती है।
- इसमें आत्महत्या के अलावा कोई अन्य अपवाद शामिल नहीं है। अत: कथन 3 सही है।

45.

उत्तर : C

व्याख्या :

- हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने युवा लेखकों को प्रशिक्षित करने के लिये एक मेंटरशिप प्रोग्राम 'यंग, अपकमिंग एंड वर्सेटाइल ऑथर्स' (YUVA) की घोषणा की है।
  - इस योजना का उद्देश्य 30 वर्ष से कम उम्र के 75 इच्छुक लेखकों को प्रशिक्षित करना है, जो विश्व स्तर पर प्रोजेक्ट इंडिया और इसकी संस्कृति और साहित्य को व्यक्त करने के लिये तैयार हों। अत: कथन 1 सही है।
  - मेंटरशिप योजना के तहत छह महीने की अवधि हेतु प्रति लेखक 50,000 रुपए प्रति माह की एक समेकित छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा।
- राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (शिक्षा मंत्रालय के अधीन) योजना का चरणबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। अत: कथन 2 सही है।

46.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सेना विमानन कोर की स्थापना नवंबर वर्ष 1986 में हुई थी।
- यह एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर 'ध्रुव', चेतक, चीता और चीतल हेलीकॉप्टर संचालन के लिये कार्यरत है। अत: कथन 1 सही है।
- यह सियाचिन ग्लेशियर सहित ऊँचाई वाले क्षेत्रों में सेना की तैनाती में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- हाल ही में सेना विमानन कोर में पहली बार हेलीकॉप्टर पायलट ट्रेनिंग के लिये दो महिला अधिकारियों का चयन किया गया है। वे जुलाई 2022 में अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद फ्रंट-लाइन फ्लाइंग ड्यूटी में शामिल होंगी।
  - वर्तमान तक सेना विमानन कोर में महिला अधिकारियों को सिर्फ ग्राउंड ड्यूटी दी जाती थी। अत: कथन 3 सही नहीं है।

47.

उत्तर: A

व्याख्या

- अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की स्थापना एक साथ वर्ष 1944 में अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के दौरान हुई थी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) को ही विश्व बैंक के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- विश्व बैंक समूह विकासशील देशों में गरीबी को कम करने और साझा समृद्धि का निर्माण करने वाले स्थायी समाधानों के लिये काम कर रहे पाँच संस्थानों की एक अनूठी वैश्विक साझेदारी है।
- इसके 189 सदस्य देश हैं। भारत भी एक सदस्य देश है।
- पाँच प्रमुख संस्थान
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD)
  - अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA) अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
  - बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)
  - निवेश विवादों के निपटारे के लिये अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (ICSID)
    - भारत इसका सदस्य नहीं है।

नोट :

48.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कॉर्पोरेट औसत ईंधन दक्षता (CAFE) विनियम को पहली बार वर्ष 2017 में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम (Energy Conservation Act), 2001 के तहत केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय (Union Ministry of Power) द्वारा अधिसूचित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- यह विनियमन वर्ष 2015 के ईंधन खपत मानकों के अनुसार है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक वाहनों की ईंधन दक्षता को 35% तक बढ़ाना है। अत: कथन 2 सही है।

49.

उत्तर: D

व्याख्या:

- यह एक क्षेत्रीय समूह है जो आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देता है।
- इसकी स्थापना अगस्त 1967 में बैंकॉक, थाईलैंड में आसियान के संस्थापकों, अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई।
- सदस्य:
- ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम अत: विकल्प D सही है।

50.

उत्तर : A

व्याख्या :

- ICIMOD हिंदू कुश हिमालय (HKH) के लोगों के लिये काम करने वाला एक अंतर-सरकारी ज्ञान और शिक्षण केंद्र है। अत: कथन 1 सही है।
- यह काठमांडू, नेपाल में स्थित है और आठ क्षेत्रीय सदस्य देशों - अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार, नेपाल और पाकिस्तान में कार्यरत है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - हिंदूकुश हिमालयन (HKH) पर्वत श्रृंखलाएँ अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, किर्गिस्तान, मंगोलिया, म्याँमार, नेपाल, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान में फैली हुई हैं।

51.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक पेट्रोल (जिसे E20 भी कहा जाता है) में 20% इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया है। अत: कथन 1 सही है।
  - वर्तमान में भारत में पेट्रोल के साथ 8.5% इथेनॉल मिश्रित होता है।
- इथेनॉल सम्मिश्रण का उद्देश्य:
  - इथेनॉल के अधिक उपयोग से तेल आयात बिल को कम करने में मदद मिल सकती है। वर्ष 2020-21 में भारत की शुद्ध आयात लागत 551 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।
    - E20 कार्यक्रम देश के लिये प्रतिवर्ष 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर (30,000 करोड़ रुपए) बचा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
  - इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), हाइड्रोकार्बन (HC) और नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) आदि के उत्सर्जन में कमी आती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

नोट :

- हाल ही में भारत का इथेनॉल रोडमैप और इथेनॉल सम्मिश्रण को बढ़ावा देने के लिये सुझाव, सरकार द्वारा की गई पहलें
  - इस रोडमैप के तहत अप्रैल 2022 तक E10 ईंधन की आपूर्ति के लिये इथेनॉल-मिश्रित ईंधन के चरणबद्ध रोलआउट और अप्रैल 2023 से अप्रैल 2025 तक E20 के चरणबद्ध रोलआउट का प्रस्ताव दिया गया है।

52.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ग्लोबल लिवेबिलिटी रैंकिंग इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा प्रकाशित एक वार्षिक मूल्यांकन है। अत: कथन 1 सही है।
  - इस इंडेक्स के अंतर्गत किसी विशेष देश को पाँच श्रेणियों यथा स्थायित्व (25%), संस्कृति एवं पर्यावरण (25%), स्वास्थ्य देखभाल (20%), शिक्षा (10%), आधारभूत अवसंरचना (20%) के आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती है।
- महामारी के कारण EIU ने इस वर्ष कुछ नए संकेतक जैसे- स्वास्थ्य संबंधी संसाधनों पर तनाव के साथ-साथ स्थानीय खेल आयोजनों, थिएटरों, संगीत समारोहों, रेस्तरां और स्कूलों पर प्रतिबंध आदि को जोड़ा है।
  - किसी शहर में प्रमुख कारकों को स्वीकार्य (acceptable), सहन करने योग्य (Tolerable), असुविधाजनक (Uncomfortable), अवांछनीय (Undesirable) या असहनीय (Untolerable) के रूप में मूल्यांकित किया जाता है।
- ऑस्ट्रिया का वियना वर्ष 2018 और 2019 दोनों में शीर्ष पर रहने के बाद COVID-19 से भारी प्रभावित होने के कारण शीर्ष 10 से पूरी तरह से बाहर हो गया है और इस वर्ष 12वें स्थान पर है।
- ऑकलैंड कोविड-19 महामारी को रोकने में अपने सफल दृष्टिकोण के कारण रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँच गया, जिसने अपने यहाँ लॉकडाउन की स्थिति नहीं बनने दी और शहर को शिक्षा, संस्कृति तथा पर्यावरण सहित कई आधारों पर मज़बूती से स्कोर करने के लिये सक्षम बनाया। अत: कथन 2 सही है।
- दमिश्क विश्व का सबसे कम रहने योग्य शहर बना हुआ है क्योंकि सीरिया में गृहयुद्ध का प्रभाव लगातार बना रहा है।

53.

उत्तर: B

व्याख्या:

- उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट (All India Survey on Higher Education- AISHE) 2019-20 देश में उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर प्रमुख प्रदर्शन संकेतक प्रदान करती है।
  - उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वार्षिक रूप से जारी की जाने वाली अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) की शृंखला में यह 10वीं रिपोर्ट है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- कुल छात्र नामांकन: वर्ष 2015-16 से 2019-20 तक पिछले पाँच वर्षों की अवधि में छात्र नामांकन में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- वर्ष 2019-20 के दौरान उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 3.85 करोड़ रहा जबकि वर्ष 2018-19 में यह 3.74 करोड़ था। इसमें 11.36 लाख (3.04 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई।
  - भारत में सबसे अधिक नामांकन उत्तर प्रदेश में हुए इसमें 49.1% छात्र और 50.9% छात्राएँ हैं, इसके बाद तमिलनाडु और महाराष्ट्र का स्थान आता है।
- सकल नामांकन अनुपात (GER): वर्ष 2019-20 के दौरान सकल नामांकन अनुपात (Gross Enrollment Ratio- GER) में 0.8% की मामूली वृद्धि हुई।
  - GER शिक्षा के किसी दिये गए स्तर में नामांकित छात्रों की संख्या है, यह उम्र की परवाह किये बिना, शिक्षा के समान स्तर के अनुरूप आधिकारिक स्कूली-आयु की आबादी के प्रतिशत के रूप में व्यक्त की जाती है।
  - वर्ष 2019-20 में उच्च शिक्षा में नामांकित पात्र आयु वर्गों के छात्रों का प्रतिशत 27.1 था। जबकि वर्ष 2018-19 में यह 26.3% और वर्ष 2014-15 में 24.3% था।

- महिला नामांकन: वर्ष 2015-16 से वर्ष 2019-20 तक उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में कुल मिलाकर 18% से अधिक की वृद्धि हुई है। अत: कथन 2 सही है।
  - शैक्षणिक पाठ्यक्रमों की अपेक्षा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी कम होने के साथ-साथ राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थानों में छात्राओं की हिस्सेदारी सबसे कम है।
- लैंगिक समानता सूचकांक: उच्च शिक्षा में लैंगिक समानता सूचकांक (Gender Parity Index- GPI) वर्ष 2018-19 के 1.00 के मुकाबले वर्ष 2019-20 में 1.01 रहा जो कि पात्र आयु समूह में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के लिये उच्च शिक्षा में सापेक्ष पहुँच में सुधार का संकेत है। अत: कथन 3 सही है।
  - 1 का GPI लैंगिक समानता को दर्शाता है; एक GPI जो 0 और 1 के बीच भिन्न होता है, आमतौर पर इसका मतलब पुरुषों के पक्ष में असमानता है; जबकि 1 से अधिक का GPI महिलाओं के पक्ष में असमानता को दर्शाता है।

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

- घड़ियाल, जिसे कभी-कभी गेवियल (Gavials) भी कहा जाता है, एक प्रकार का एशियाई मगरमच्छ है जो अपने लंबे, पतले थूथन के कारण अलग आकृति का होता है। मगरमच्छ सरीसृपों का एक समूह है जिसमें मगरमच्छ, घड़ियाल, कैमन आदि शामिल हैं।
- भारत के उत्तरी भाग का ताजा पानी घड़ियाल का प्राकृतिक आवास है।
  - प्राथमिक आवास: चंबल नदी (यमुना की एक सहायक नदी)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - माध्यमिक आवास: घाघरा, गंडक नदी, गिरवा नदी (उत्तर प्रदेश), रामगंगा नदी (उत्तराखंड) और सोन नदी (बिहार)।
- घड़ियाल (गेवियलिस गैंगेटिकस) IUCN रेड लिस्ट- गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध हैं। अत: कथन 2 सही है।

55.

उत्तर : D

व्याख्या :

- संविधान की छठी अनुसूची चार पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है।
  - संविधान के अनुच्छेद 244 (2) और अनुच्छेद 275 के तहत विशेष प्रावधान प्रदान किया गया है।
  - आदिवासियों को स्वायत्त क्षेत्रीय परिषद और ADCs के माध्यम से विधायी और कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करने की स्वतंत्रता दी गई है। अत: कथन 1 सही है।
- प्रत्येक स्वायत्त ज़िला और क्षेत्रीय परिषद में 30 से अधिक सदस्य नहीं होते हैं, जिनमें से चार राज्यपाल द्वारा मनोनीत और बाकी चुनावों के माध्यम से निर्वाचित होते हैं। ये सभी पाँच वर्ष के कार्यकाल के लिये सत्ता में बने रहते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - हालाँकि बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद एक अपवाद है क्योंकि इसमें अधिकतम 46 सदस्य हो सकते हैं।
- स्वायत्तता की विभिन्न परिभाषाओं के बावजूद छठी अनुसूची क्षेत्र संबंधित राज्य के कार्यकारी प्राधिकरण के बाहर नहीं आता है।
  - संसद और राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित अधिनियम इन क्षेत्रों में तब तक लागू किये जा सकते हैं या नहीं लागू किये जा सकते हैं जब तक कि राष्ट्रपति और राज्यपाल स्वायत्त क्षेत्रों के कानूनों में संशोधनों के साथ या बिना संशोधन के उसे या उसकी मंज़ूरी नहीं देते। अत: कथन 3 सही है।

56.

उत्तर: B

व्याख्या:

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) वह दर है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है और यह किसानों की उत्पादन लागत से कम-से-कम डेढ़ गुना अधिक होती है।

- ◆ 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' किसी भी फसल के लिये वह 'न्यूनतम मूल्य' है, जिसे सरकार किसानों के लिये लाभकारी मानती है और इसलिये इसके माध्यम से किसानों का 'समर्थन' करती है।
- 'कृषि लागत और मूल्य आयोग' द्वारा सरकार को 22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) तथा गन्ने के लिये 'उचित और लाभकारी मूल्य' (FRP) की सिफारिश की जाती है।
  - ◆ केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) द्वारा MSP के स्तर और CACP द्वारा की गई अन्य सिफारिशों पर अंतिम निर्णय लेती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- अधिदिष्ट फसलों में 14 खरीफ फसलें, 6 रबी फसलें और दो अन्य वाणिज्यिक फसलें शामिल हैं।
- इसके अलावा लाही और नारियल के न्यूनतम समर्थन मूल्यों (MSPs) का निर्धारण क्रमश: सरसों और सूखे नारियल के न्यूनतम समर्थन मूल्यों (MSPs) के आधार पर किया जाता है।
- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है। अत: कथन 2 सही है।

57.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राम प्रसाद बिस्मिल सबसे उल्लेखनीय भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों में से थे, जिन्होंने अपनी अंतिम साँस तक ब्रिटिश औपनिवेशिक ताकतों का विरोध किया।
  - ◆ उनका मानना था कि हिंसा और रक्तपात के बिना स्वतंत्रता प्राप्त नहीं की जा सकती, जिसका अर्थ था कि उनके विचार महात्मा गांधी के 'अहिंसा' के आदर्शों क विपरीत थे। अत: कथन 1 सही है।
- उन्होंने एक स्कूल शिक्षक 'गेंदा लाल दीक्षित' के साथ मिलकर 'मातृवेदी' नामक संगठन का निर्माण किया। दोनों ही क्रांतिकारी विचारों को साझा करते थे और देश के युवाओं को ब्रिटिश सरकार से लड़ने के लिये संगठित करना चाहते थे।
  - ◆ बिस्मिल, सचिंद्र नाथ सान्याल और जादूगोपाल मुखर्जी के साथ 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' (HRA) के प्रमुख संस्थापकों में से एक थे। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 1925 में बिस्मिल और उनके साथी चंद्रशेखर आज़ाद और अशफाकउल्ला खान ने लखनऊ के पास काकोरी में एक ट्रेन लूटने का फैसला किया। वे अपने प्रयास में सफल रहे लेकिन हमले के एक महीने के भीतर एक दर्जन से अधिक HRA सदस्यों के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और काकोरी षड्यंत्र मामले के तहत मुकदमा चलाया गया।
  - ◆ कानूनी प्रक्रिया 18 महीने तक चली। इसमें राम प्रसाद 'बिस्मिल', अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी तथा रोशन सिंह को मौत की सज़ा सुनाई गई और अन्य क्रांतिकारियों को उम्रकैद की सज़ा दी गई। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - ◆ वे वर्ष 1918 के 'मैनपुरी षडयंत्र' में भी शामिल थे।

58.

उत्तर: D

व्याख्या:

- कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में कृषि मशीनीकरण पर उप-मिशन (SMAM)को लॉन्च किया। अत: कथन 1 सही है।
- इसके तहत NER (पूर्वोत्तर क्षेत्र) राज्यों के अलावा अन्य राज्यों हेतु 40-50% की सीमा तक विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरण और मशीनरी की खरीद हेतु सब्सिडी प्रदान की जाती है और NER राज्यों के लिये यह प्रति लाभार्थी 1.25 लाख रुपए तक 100% है। अत: कथन 2 सही है।
- कृषि मंत्रालय ने एक बहुभाषी मोबाइल एप, 'सीएचसी (कस्टम हायरिंग सेंटर)- फार्म मशीनरी' भी विकसित किया है जो किसानों को उनके क्षेत्र में स्थित कस्टम हायरिंग सर्विस सेंटर से जोड़ता है। अत: कथन 3 सही है।

59.

उत्तर: A

व्याख्या:

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने HIV/AIDS की रोकथाम पर संयुक्त राष्ट्र महासभा (United Nations General Assembly-UNGA) के 75वें सत्र को संबोधित किया।
- UNGA का संकल्प 75/260 HIV/AIDS पर प्रतिबद्धता की घोषणा और HIV/AIDS पर राजनीतिक घोषणाओं के कार्यान्वयन से संबंधित है। अत: विकल्प A सही है।

60.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (European Space Agency- ESA) ने शुक्र ग्रह (Venus) के लिये एक नए एनविज़न मिशन (EnVision mission) की घोषणा की है।
    - इस मिशन का नेतृत्व यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) करेगी जिसमें राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (NASA) का भी योगदान होगा। अत: कथन 1 सही है।
- इसे वर्ष 2030 तक लॉन्च किये जाने की संभावना है। इसे एरियन 6 रॉकेट द्वारा लॉन्च किया जाएगा। इस अंतरिक्षयान को शुक्र तक पहुँचने में लगभग 15 महीने लगेंगे और कक्षा की परिक्रमा पूरी करने में 16 महीने और लगेंगे।
    - इसका उद्देश्य शुक्र ग्रह के वायुमंडल और सतह का अध्ययन करना तथा इसके वायुमंडल में पाई जाने वाली गैसों की निगरानी करना एवं ग्रह की सतही संरचना का विश्लेषण करना है। अत: कथन 2 सही है।
- एनविज़न मिशन शुक्र ग्रह के लिये ESA के नेतृत्व वाले वीनस एक्सप्रेस' (2005-2014) नामक दूसरे मिशन का अनुसरण करेगा जो वायुमंडलीय अनुसंधान पर केंद्रित है और ग्रह की सतह पर ज्वालामुखीय हॉटस्पॉट के बारे में पता करेगा।

61.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 28 मई, 2021 को 'राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता पोर्टल' (National AI Portal) ने अपनी पहली वर्षगाँठ मनाई।
- यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Electronics and IT- MeitY), राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (National e-Governance Division- NeGD) और नैसकॉम (NASSCOM) की एक संयुक्त पहल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह भारत और उसके बाहर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से संबंधित समाचार, सीखने, लेख, घटनाओं और गतिविधियों आदि के लिये एक केंद्रीय हब (Hub) के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 2 सही है।
- राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीज़न: वर्ष 2009 में डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (MeitY द्वारा स्थापित एक गैर-लाभकारी कंपनी) के तहत NeGD को एक स्वतंत्र व्यापार प्रभाग के रूप में स्थापित किया गया था।
- NASSCOM एक गैर-लाभकारी औद्योगिक संघ है जो भारत में IT उद्योग के लिये सर्वोच्च निकाय है।

62.

उत्तर: A

व्याख्या:

- रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX) पहल अप्रैल 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई थी।

- iDEX का उद्देश्य रक्षा एवं एयरोस्पेस से संबंधित समस्याओं का हल निकालने, प्रौद्योगिकी विकसित करने और नवाचार के लिये स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। यह MSME, स्टार्ट-अप्स, व्यक्तिगत इनोवेटर, शोध एवं विकास संस्थानों और अकादमियों को अनुसंधान एवं विकास के लिये अनुदान प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
- iDEX को DIO द्वारा वित्तपोषित तथा प्रबंधित किया जाता है और यह DIO की कार्यकारी शाखा के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

63.

उत्तर : D

व्याख्या :

- G-7 औद्योगीकृत लोकतंत्रों यानी फ्राँस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा का एक समूह है।
  - यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था। वैश्विक आर्थिक शासन, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे सामान्य हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये ब्लॉक की वार्षिक बैठक होती है।
  - जी-7 का कोई औपचारिक संविधान या कोई निश्चित मुख्यालय नहीं है। वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं द्वारा लिये गए निर्णय गैर-बाध्यकारी होते हैं।
  - भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया को भी "अतिथि देशों" के रूप में शिखर सम्मेलन की कार्यवाही में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था (भारत इसका सदस्य देश नहीं है)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 47वें G7 शिखर सम्मेलन 2021 में G7 ने 'कार्बिज़ बे' घोषणा पर हस्ताक्षर किये। इसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों को रोकना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- G7 ने गरीब देशों के लिये 1 बिलियन से अधिक कोरोनावायरस वैक्सीन खुराक का भी वादा किया, जिसमें से आधा संयुक्त राज्य अमेरिका से और 100 मिलियन ब्रिटेन से आया।

64.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 'रेयर अर्थ तत्त्वों' को 'दुर्लभ' तत्त्व कहा जाता है, क्योंकि पूर्व में इन्हें तकनीकी रूप से इनके ऑक्साइड स्वरूप से निकालना काफी मुश्किल था। अत: कथन 1 सही है।
  - ये कई खनिजों में मौजूद होते हैं, लेकिन प्राय: कम सांद्रता में किफायती तरीके से परिष्कृत किये जाते हैं।
- चीन ने समय के साथ रेयर अर्थ धातुओं पर वैश्विक प्रभुत्व हासिल कर लिया है, यहाँ तक कि एक बिंदु पर इसने दुनिया की 90% रेयर अर्थ धातुओं का उत्पादन किया है। वर्तमान में हालाँकि यह 60% तक कम हो गया है और शेष अन्य देशों द्वारा उत्पादित किया जाता है, जिसमें क्वाड (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका) शामिल हैं।
  - इस तरह संसाधित रेयर अर्थ धातुओं का प्रमुख हिस्सा चीन के पास है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह 17 दुर्लभ धातु तत्त्वों (न कि अधातु) का समूह है। इसमें आवर्त सारणी में मौजूद 15 लैंथेनाइड और इसके अलावा स्कैंडियम तथा अट्रियम शामिल हैं, जो लैंथेनाइड्स के समान ही भौतिक एवं रासायनिक गुण प्रदर्शित करते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

65.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ओलिव रिडले कछुए विश्व में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं में सबसे छोटे और सबसे अधिक हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ये कछुए मांसाहारी होते हैं और इनका पृष्ठवर्म ओलिव रंग (Olive Colored Carapace) का होता है जिसके आधार पर इनका यह नाम पड़ा है। वे हर वर्ष भोजन और संभोग के लिये हज़ारों किलोमीटर की दूरी तय करते हैं।

- ये कछुए अपने अद्वितीय सामूहिक घोंसले (Mass Nesting) अरीबदा (Arribada) के लिये सबसे ज़्यादा जाने जाते हैं, अंडे देने के लिये हज़ारों मादाएँ एक ही समुद्र तट पर एक साथ यहाँ यहाँ आती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- ये मुख्य रूप से प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागरों के गर्म पानी में पाए जाते हैं।
- ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य को विश्व में समुद्री कछुओं के सबसे बड़े प्रजनन स्थल के रूप में जाना जाता है।
- संरक्षण की स्थिति:
  - आईयूसीएन रेड लिस्ट: सुभेद्य (Vulnerable)
  - CITES: परिशिष्ट- I
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची- 1
  - अत: कथन 3 सही है।

दृष्टि The Vision